## एक नजर में

### आज सिंधी समाजजन कलाई पर बांधे महालक्ष्मी जी के सगड़े खोलकर करेंगे पूजन

**बिखरेंगी सतपुड़ा खीर, सवैईया एवं हलवा की खुशबू**

**खंडवा।** सिंधी समाज द्वारा भादों मास शुक्ल पक्ष की राधाअष्टमी से 16 दिनों के लिए कच्चे सूत के 16 धागों पर 16 गठानों पश्चात हल्दी से पिलाकर कुटुंब की सुख समृद्धि की कामना के साथ महालक्ष्मी जी का सगडा मंत्रों उच्चारित कर अपनी कलाई पर बांधे सगडों को आज रविवार को पूजन पश्चात खोला जायेगा। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि महालक्ष्मी जी के सगडा पूजन के लिए समाज की महिलाएं आज परिवार के संपूर्ण सदस्यों की कलाइयों पर बांधे पवित्र सगडा को खोलकर सतपुड़ा व्यंजन पर लपेटकर खीर, सवैईया एवं हलवा के साथ पूजन करने संध्या काल 6 बजें से रात्रि 9 बजें तक बड़ी संख्या में समाज के शिवधाम पंडित श्यामलाल शर्मा, पंडित भारद्वाज एवं बाबा प्रह्लादराज दरबार सिंधी कॉलोनी, पदम नगर पंडित भारद्वाज के यहां पहुंचेंगीं। यहां सगड़ा पर्व की महात्तम कथा का श्रवण, पूजन तत्पश्चात अरदास के दौरान महालक्ष्मी जी से कुटुंब में सुख शांति एवं धन्यधान्य के भंडार भरे रहे की कामना की जायेगी।

### उर्वरक की बोरियों का गबन करने, फर्जी सील व हस्ताक्षर करने के मामले में एफ आई आर दर्ज

**खंडवा।** जिला विपणन अधिकारी खंडवा सुश्री श्वेता सिंह के आवेदन पर पद्मनगर थाने में शुक्रवार शाम को उर्वरक की बोरियों का गबन करने एवं बिल्टी पर फर्जी सील व हस्ताक्षर करने के आरोप में एफ आई आर दर्ज की गई है। यह प्रकरण जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मचारी जीवन वर्मा निवासी शिवपुरम कॉलोनी जसवाडी रोड खंडवा तथा मारुति ट्रांसपोर्ट कम्पनी के कर्मचारी राजेश उर्फ राजू मंडलोई निवासी भगत सिंह चौक घासपुरा खंडवा के विरुद्ध धारा 318(4), 316(5), 388, 336(3), 61(2) बीएनएस, 3/7 अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है।

### आरसेटी में प्लंबिंग व सैनिटरी वर्क्स का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**खण्डवा।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खंडवा के माध्यम से खंडवा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह परिवार एवं अन्य गरीब परिवारों के 26 युवाओं को प्लंबिंग व सैनिटरी वर्क्स का 30 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आरसेटी, खंडवा के निदेशक ने बताया कि स्टार ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान, खंडवा में यह प्रशिक्षण 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक दिया जाएगा।

### ओंकारेश्वर में बड़ा हादसा टला : दो श्रद्धालु गहरे पानी में डूबने लगे, नौका चालकों और युवकों ने बचाई जान

**चेतावनी के बावजूद श्रद्धालु कर रहे लापरवाही**



**ओंकारेश्वर।** ओंकारेश्वर में दो श्रद्धालुओं को डूबने से नौका चालकों और युवकों ने जान बचाई। राजस्थान के दौसा जिले से आए 5 श्रद्धालुओं में से दो युवक रोहितसिंह एवं गुरु प्रताप सिंह अभय घाट पर मस्ती करते हुए गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। दोनों युवकों की उम्र करीब 30 साल बताई जा रही है। घटना के दौरान बैतूल निवासी सज्जन सिंह ने अपनी धोती बढ़ाकर युवकों को बचाने की कोशिश की। इसी बीच पास में मौजूद अमन चौहान और आकाश वर्मा ने साहस दिखाते हुए तैरकर एक युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं दूसरा युवक गहरे पानी में बहता हुआ अभय घाट से नवीन घाट की ओर जाने लगा। स्थिति को गंभीर देखकर नाविक संघ के अमर वर्मा, महेश वर्मा, गब्बर वर्मा और गणेश वर्मा ने तुरंत नाव किनारे से छोड़कर बहते युवक तक पहुँचाई और उसकी जान बचाई। गौरतलब है कि शासन-प्रशासन की ओर से लगातार गहरे पानी से दूर रहने और सावधानी बरतने की मुनादी कराई जा रही है, लेकिन श्रद्धालु चेतावनी को नजर अंदाज कर देते हैं।

### आउटसोर्स कर्मियों को समय पर वेतन मिलेगा

**वेतन भुगतान में देरी होने पर शिकायत करें**

**खण्डवा।** श्रम विभाग ने आउटसोर्स कर्मियों के हित में समय पर वेतन दिलाने की पहल की है। इसके लिये विभाग ने एक फोन नंबर भी जारी किया है। श्रम विभाग के अपर सचिव श्री बसंत कुर्रे ने बताया है कि शासकीय कार्यालयों, निगमों मंडलों और प्राधिकरणों में अगर 1000 से कम आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं तो उन्हें 7 तारीख तक भुगतान किया जाना अनिवार्य है। इसी तरह 1000 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी होने पर उन्हें माह की 10 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाना अनिवार्य है। किसी भी आउटसोर्स कर्मचारी को निर्धारित समय सीमा में वेतन भुगतान न होने की स्थिति में आउटसोर्स कर्मचारी फोन नंबर 0755 2555582 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### महा निर्माणी पंचायती अखाड़ा में कपिल महामुनिजी की जयंती श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई



**ओंकारेश्वर।** ओंकारेश्वर स्थित प्राचीन श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी विष्णु मंदिर परिसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरु कपिल महामुनिजी महाराज की वार्षिक जयंती का भव्य आयोजन श्रद्धा और आस्था के वातावरण में सम्पन्न हुआ। शनिवार, तिथि कुंवार बदी पचंमी को दोपहर 12 से 2 बजे तक पूजन एवं महाप्रसादी भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में सजे-धजे वेदी स्थल पर सुगंधित पुष्पों, दीपों और शंखनाद के बीच संत-समाज ने विशेष पूजन-अर्चन कर गुरु परंपरा का स्मरण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अखाड़ा परंपरा के संत-महात्मा, साधु-संत और भक्तजन सम्मिलित हुए। महाप्रसादी में पधारे महामण्डलेश्वरों सहित आसपास के संतों को ससम्मान आमंत्रित कर पुष्पमालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भंडारे के आयोजन में ओंकारेश्वर एखंड, चित्रमोड, कोठी, धावडिया आदि ग्राम ग्राम से बड़ी संख्या में आश्रम से जुड़े भक्तों द्वारा प्रसादी ग्रहण की गई। अखाड़े के सचिव महंत कैलाश भारती, महंत विनीत गिरि तथा थानापति दी. ललितपुरी, दी. गजाजनन्द गिरि और दी. रामगिरि ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया।

## मर्जी के मालिक हो गए शराब ठेकेदार, कलेक्टर के निर्देश पर 189 लीटर देशी शराब पकड़ी

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जिले के आबकारी विभाग लंबे समय से निष्क्रिय है। लगातार देसी शराब बिकने और ठेके वालों द्वारा भी मर्जी के मालिक होने की खबरें हैं। अधिक मूल्य पर शराब भी बिक रही है। प्रचार प्रसार के लिए सांकेतिक बोर्ड तो नियमों का मखौल उड़ा रहे हैं। ठेकेदारों को मनमानी का लाइसेंस नहीं मिला है।**





उन्हें केवल निर्धारित मूल्य पर ही कई शर्तों के बाद शराब विक्रय का काम मिला है। जिनका व्यापालन नहीं कर रहे हैं और आबकारी विभाग चुपचाप सह रहा है।

### निजी लठैत कर रहे पुलिस का काम

आबकारी विभाग के सुस्ती के कारण ठेकेदारों ने अपने ही लठैत मजबूरी में रख लिए हैं। वे पुलिस वालों की तरह काम कर रहे हैं। निर्धारित दुकानों के बजाय इस क्षेत्र में चार-चार और दुकान खोल ली हैं, जिस लाइन कहा जा रहा है। कलेक्टर को इस सब पर ध्यान देना चाहिए।

### ठेकेदारों ने खोली गांव में अवैध ब्रांच

यही कारण है कि देसी शराब जिले के लगभग हर गांव में बिक रही है। जिन क्षेत्रों में धार्मिक नगरी के कारण प्रतिबंध है, वहां तो और ज्यादा शराब बिक्री हो रही है। कलेक्टर को बार-बार शिकायतें मिलने के बाद विभाग पर उन्होंने शिकंजा कसा।

यही कारण है कि आबकारी विभाग ने अब बड़ा अभियानचलाकर औपचारिकताएं पूरी करना शुरू कर दी हैं। इसी श्रृंखला में मूँदी-खंडवा रोड स्थित सिंहाड़ा रेलवे ब्रिज के पास, देसी अवैध शराब बेचने व संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी।

### सेंट्रो कार से तस्करी

एक काले-सफेद रंग की हुंडई सेंट्रो कार (रजिस्ट्रेशन क्रमांक - स्व09 ॥8150) को रोककर तलाशी ली। वाहन से कुल 189 बल्क लीटर अवैध देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई। वाहन चालक रविन्द्र, पिता मंशाराम राठौर (28 वर्ष), निवासी संजय नगर खंडवा को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया।

### 3 लाख रुपए की है शराब

आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) तथा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिवत विवेचना में लिया गया। जप्त की गई मदिरा और वाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 3,00,000/- बताई गई है।

## स्मार्ट मीटर की बिलिंग एवं अन्य शिकायतों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** नगर में जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं तभी से उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत मीटर में गड़बड़ी की शिकायतें निरंतर की जा रही है। किंतु अगस्त माह बिल के मात्र 5 दिनों पश्चात ही विद्युत कंपनी द्वारा 1 सितंबर को बिल देकर उपभोक्ताओं पर बिल की दोहरी मार कर दी है। वही सहायक यंत्री एवं फ्यूज कॉल सेंटर पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा फोन ना उठाने की शिकायत सद्भावना मंच सदस्यों द्वारा मंच संस्थापक प्रमोद जैन के नेतृत्व में विघुत मंडल कार्यपालन यंत्री बीएम गुप्ता को ज्ञापन के माध्यम से की गई है।



जिस पर श्री गुप्ता द्वारा तत्काल संबंधित सहायक यंत्री एवं कहारवाडी फ्यूज कॉल सेंटर पर कार्यरत कर्मचारियों को निर्देशित कर उपभोक्ताओं से शालीनता पूर्ण व्यवहार करने का कहा ताकि निकट भविष्य में इस तरह की शिकायतें ना आए।

वही हाल ही में कम्पनी के कर्मचारियों के साथ घटी घटना पर संस्थापक प्रमोद जैन व्दारा खेद जताते हुए विघुत उपभोक्ताओं से संयम बरतने की अपील की गई।

यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, गणेश भावसार, नारायण फरकले, राजेश पोरपंथ, मनीष गुप्ता, सुरेंद्र गीते, डॉ जगदीशचंद्र चौरे, देवेंद्र जैन, कमल नागपाल, राधेश्याम शाक्य सुभाष मीणा आदि सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

## बच्चों और महिलाओं के लिए आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शनिवार को स्थानीय स्तर पर दादाजी वार्ड में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जेसीआई क्लब एवं पूर्व निमाड सामाजिक सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित होकर मरीजो ने प्राप्त किया लाभ



समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जेसीआई अध्यक्ष सुजाता मोरे हेमंत हेमंत मुंदडा एवं क्लब की पूरी टीम द्वारा जैसी सप्ताह का सफल आयोजन चल रहा है जिसमें ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के साथ सेवा कार्य भी किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर में शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएँ व बच्चे पहुंचे और विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षणों का लाभ उठाया।

शिविर में डॉ. रूपलता पटेल, डॉ. सौरभ सोनी, डॉ. मेघा प्रजापति ने बच्चों व महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जांच की और उन्हें जरूरी परामर्श दिया।

शिविर में अनिल बाहेती, रामचंद्र मौर्य, आशीष चटकले, नागेश वालंजकर, समाजसेवी सुनील जैन, हर्ष अग्रवाल सहित समाजसेवियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

इस अवसर पर अध्यक्ष सुजाता मोरे, सचिव प्रिंस जिंदल जेएससी अध्यक्ष हेमंत मुंदड़ा, जेएसी सचिव दीपक सोलंकी प्रेरित जैन मनन सोनी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर अध्यक्ष सुजाता मोरे ने कहा कि कहा कि इस तरह के शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं और समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिए। शिविर में आए मरीजों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें न केवल स्वास्थ्य लाभ मिला बल्कि जागरूकता भी बढ़ी।

**स्वास्थ्य शिविर** — शिविर के लिए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

## ग्राम कालमुखी में आज आयोजित होगा वृहद स्वास्थ्य शिविर

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** कमिश्नर इन्दौर संभाग इंदौर के निर्देश अनुसार संभाग के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में जिला प्रशासन के सहयोग से मेगा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 सितंबर को स्वास्थ्य शिविर हायर सेकेण्ड्री स्कूल कालमुखी में आयोजित होगा।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों की विभिन्न बीमारियों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, अत्याधुनिक मशीनों से की जाएगी। शिविर में इंदौर के प्रसिद्ध प्राईवेट डॉक्टर्स एवं मेडिकल कालेज के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा भी सेवाएं दी जायेंगी।

इस स्वास्थ्य शिविर में इन्दौर कैंसर फाउंडेशन, बॉम्बे हॉस्पिटल, अपोलो राजश्री इन्दौर, कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी हास्पिटल, चौईथराम हॉस्पिटल, शैल्वी हॉस्पिटल, एलएनसीटी चिकित्सा महाविद्यालय, विशेष जुपीटर, मेदांता हॉस्पिटल इन्दौर, केयर सीएचएल अस्पताल इन्दौर, मेडिकल कॉलेज इन्दौर के विशेषज्ञ, मेडिकल कॉलेज खण्डवा एवं जिला अस्पताल खण्डवा के विशेषज्ञों द्वारा सेवायें दी जायेंगी। स्वास्थ्य शिविर में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजिस्ट, जनरल मेडिसिन, जनरल फिजिशन, जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, बाल हृदय रोग, गेस्ट्रोलॉजी, नाक कान गला रोग, रेडियो थैरेपी, रेडियो डायग्नोसिस, स्त्री रोग विशेषज्ञ, कैंसर, सिकल सेल, टीबी, लेप्रोसी, सिलोकोसिस हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, दन्त रोग, मानसिक रोग, चर्म रोग, क्षय रोग, कुष्ठ रोग जैसे विभागों के चिकित्सकों द्वारा इन रोगों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क उपचार किया जायेगा। इसके साथ ही मरीजों को एक्स-रे, ई.सी.जी., ईको मेमोग्राफी, सोनोग्राफी, पैथोलॉजी जांच, सिकल सेल जाँच की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में मरीजों को दवाईयों का नि:शुल्क वितरण भी किया जायेगा। इसके साथ ही शिविर में दिव्यांगजनों के मेडिकल प्रमाण पत्र, भी प्रदान किये जायेंगे।

कालमुखी के मेगा स्वास्थ्य शिविर के लिए कलेक्टरने अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश अनुसार एसडीएम पुनासा श्री शिवम प्रजापति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत और एसडीएम खंडवा श्री बजरंग बहादुर को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पृथक पृथक काउंटर तैयार करना, डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी की ड्यूटी, उपकरणों की व्यवस्था, पंजीयन, जांच एवं दवाई वितरण व्यवस्था एवं स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। सहायक कलेक्टर डॉ.श्रीकृष्ण सुशिर को, पुनासा जनपद के सीईओ अभिषेक त्रिवेदी तथा छैगांवमाखन के सीईओ पंकज डाले के साथ टेंट, जल एवं प्रकाश व्यवस्था तथा मरीजों को कैंप तक लाने ले जाने का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह जिला परिवहन अधिकारी दीपक मांझी को खंडवा से जाने वाले स्टाफ की परिवहन व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। उपसंचालक सामाजिक न्याय को दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, हियरिंग एड जैसे उपकरण उपलब्ध कराने का दायित्व सौंपा गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रत्ना शर्मा को महिलाओं एवं बच्चों में से मरीजों का चिन्हांकन कर सूची तैयार कर उन्हें कैंप तक लाने और उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराने सम्बंधी दायित्व सौंपा गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग संतोष शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी खंडवा पी.एस. सोलंकी तथा सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग खंडवा नीरज पाराशर को छात्रावासों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने एवं एवं छात्रावासों के दिव्यांग बच्चों को कैंप तक लाने का दायित्व सौंपा गया है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंडवा वर्षा शिवपुरे को अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मरीज व उनके परिजनों हेतु शिविर स्थल पर पेयजल व्यवस्था करने का कार्य सौंपा गया है, जबकि जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्य विभाग खंडवा अरुण तिवारी, खाद्य निरीक्षक राधेश्याम गोले, खाद्य निरीक्षक संजीव मिश्रा को मरीजों के लिए भोजन, चाय, नाश्ता की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है।

## 518 राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कर 10,16,96,928 रू. राशि के अवार्ड पारित किए



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय खंडवा तथा तहसील सिविल न्यायालय हरसूद एवं पुनासा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।**

### नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामे के आधार पर किया गया प्रकरणों का निराकरण

जिला न्यायालय खंडवा के ए.डी.आर. सेंटर भवन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा श्रीमती ममता जैन ने दीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एवं समन्वयक नेशनल लोक अदालत एम.के. मंडलोई, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय योगराज उपाध्याय, जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी, आशीष प्रताप सिंह, अरविंद सिंह टेकाम, वीरेन्द्र जोशी जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र पाथरीकर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पियूष भावे, जिला मुख्यालय में पदस्थ न्यायिक अधिकारीगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा लोक अभियोजन अधिकारीगण तथा बैंक, नगर पालिका, विद्युत विभाग, बीएसएनएल, पुलिस प्रशासन के साथ-साथ पैरालीगल वालेंन्टियर्स उपस्थित रहे।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा पीयूष भावे ने बताया कि नेशनल लोक अदालत हेतु कुल 18 खंडपीठों का गठन किया गया। जिनके द्वारा न्यायालयों में लंबित कुल 518 राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कर 10,16,96,928/- रू0 राशि का अवार्ड पारित किया गया साथ ही प्रीलिटिगेशन स्तर पर 2040 प्रकरणों का निराकरण कर 3,24,92,242 /-रू. राशी की वसूली कर पक्षकारो को लाभन्वित किया गया।

## जिलेभर की समस्याओं पर फोकस के लिए कई संगठनों का आज आंदोलन





**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। किसान नेता और करणी सेना तथा विपक्ष मिलकर जिले भर की समस्याओं पर ध्यान दिलाने के लिए पथ अधिकार जन यात्रा रविवार को निकाल रहे हैं। शहर की सड़कों पर ऐसी यात्रा से यातायात भी प्रभावित होगा। सड़क, बिजली, पानी, सिटी बस, मेडिकल कॉलेज और पेंडिंग विकास जैसे बाईपास और बटालियन के मुद्दे समेटे गए हैं।**

आंदोलन के प्रभावी रहने के आसार हैं। भारी भीड़ भी जुटाने की पूरी कोशिश की गई है। आयोजन जिले वासियों के हित में है। इसमें राजनीति को लगभग अलग रखकर असली मुद्दे शामिल किए गए हैं, जिससे आम आदमी का वास्ता रोज रहता है। पथ अधिकार जन यात्रा को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रेसवार्ता में बताया गया कि यह यात्रा रविवार को निकाली जाएगी।

मीडिया से बातचीत में जीवन सिंह शेरपुर, जनसेवक (प्रमुख, करणी सेना परिवार), पंकजराज सिंह पुरनी (किसान नेता) ने बताया कि. खंडवा- मूंदी मुख्य सड़क का निर्माण नहीं होने से आधा जिला परेशान है। पंधाना -खंडवा सड़क का निर्माण जल्द किया जाए। सभी ग्रामों को तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्गों एवं जिले की सभी तहसीलों को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले मुख्य सड़क मागों को दुरस्त किया जाए।

### पंधाना की सड़कें खस्ता हाल

इसी तरह, पंधाना रोड पर दीवाल ग्राम का बायपास बनाया जाए। हरदा-खंडवा मुख्य मार्ग का कायाकल्प कर 4 लेन सड़क का निर्माण किया जाए। हापला-दीपला ग्राम के बीच सुक्ता नदी पर बड़े पुल का शीघ्र निर्माण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

### कृषि उद्योग स्थापित करें

यह जिला भी कृषि पर आधारित है। उद्योग नहीं है। किसानों के भी मुद्दे इस आंदोलन के जरिए सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए उठाए जाएंगे, जिसमें निमाड़ के कम वर्षा वाले क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित कर उचित मुआवजा देने, फसल बीमा में पूर्ण पारदर्शिता, बैंक द्वारा बीमा राशि जमा करने की वर्तमान पद्धति को समाप्त किए जाने तथा प्रत्येक तहसील में बीमा कंपनी का अलग कक्ष स्थापित करने जैसे मुद्दे शामिल हैं।

### पंधाना के तेरह गांव भी जोड़ें

पंधाना तहसील के 13 ग्रामों को झिरनिया नहर परियोजना से जोड़ा जाए अथवा अलग से कालंका नहर परियोजना बनाई जाए। सिंगाजी धाम एवं आसपास के 15 गाँवों को सिंचाई के लिए सूक्ष्म लिफ्ट इरिगेशन परियोजना से जोड़ा जाने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी।

### अधूरी खालवा लिफ्ट इरिगेशन कहां अटकी?

इस परियोजना को शीघ्र पूर्ण किया जाए एवं षट्चक्र में प्रस्तावित सभी ग्रामों को तुरंत सिंचित किया जाए। कोई भी किसान सिंचाई से वंचित न रहे और जिन ग्रामों व खेतों को अब तक शामिल नहीं किया गया है, उनका पुन- सर्वे कर उन्हें भी जोड़ा जाए। किसानों के हित में स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों को लागू किया जाए।

### युवाओं को जोड़ने के लिए फोकस

आंदोलन से जोड़ने के लिए युवाओं की समस्याओं पर भी फोकस किया गया है। इसमें कहा गया है कि. युवाओं के लिए स्थानीय उद्योगों की स्थापना हो। निमाड़ विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। देशगाँव, सैगाँव माखन में फूड प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना की जाए।

निमाड़ क्षेत्र के लिए उच्च शिक्षण संस्थान एवं एक अलग विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी) की स्थापना हो। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु नि:शुल्क कोचिंग, लाइब्रेरी एवं ई-लर्निंग सेंटर की सुविधा उपलब्ध हो। इसी तरह के कई मुद्देश शामिल किए गए हैं। जिले में जो बड़ी विकास की योजनाएं आने वाली है उन्हें जल्द लाया जाए।


**बहु.प्राथ.कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या.( बी-पैक्स ), माण्डला पं.क्र. 564**

क्रमांक / साधारण सभा / 20 / क्यू. / 1. दिनांक - 01/09/2025

**वार्षिक साधारण सभा सूचना**

महानुभाव, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित, मांडला के अंशधारी सदस्यों कि वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 18/09/2025, दिन गुरुवार को दोप.3.30 बजे, स्थान- संस्था कार्यालय में निम्नलिखित विषयों पर विचार कर निर्णय हेतु आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जायेगा। स्थगित सम्मेलन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात् किया जावेगा, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

गोविन्द्र प्रसाद नागवंशी
प्रशासक

के.डी.बिरला
समिती प्रबंधक